Cancer Detection Centres at Babar Road, and Seemapuri in New Delhi. Partum Pap Smear Testing Units with facilities for Cancer Detection have been set up in Lady Hardinge Medical College & Hospital New Delhi. and Maulana Azad Medical College, New Delhi.

Tobacco has been identified as a causative agent for a large number of cancer cases. Health Education Programmes for prevention, early detection or cancer through television films, newspapers, periodicals etc. have been undertaken.

आठवीं पंचवर्षीय योजना में राजभाषा पर विचार किया जाना

2150. **श्री राम चन्द्र विकल :** क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आठवीं पंचवर्षीय योजना में राजभाषा हिन्दी पर विचार किया गया है और क्या इस मसले को तय करने के लिए एक उप-समिति बनायी गयी है ;

(ख) इस उप-समिति में सरकारी सदस्यों तथा अन्य गैर-सरकारी हिन्दी विद्वानों की संख्या कितनी-कितनी है और उनके नाम क्या हैं;

(ग) क्या उन्होंने अन्य लोगों से सुझाव आमंत्रित किये हैं, यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; क्या योजना मंत्रालय को हिन्दी के प्रयोग के संबंध में एक समय-बद्ध कार्यक्रम तैयार करने के लिए कुछ व्यक्तियों से सुझाव प्राप्त हुए हैं;

(घ) क्या इस योजना के अन्तर्गत हिन्दी के प्रगामी प्रयोग संबंधी वार्षिक कार्यक्रम और राजभाषा अधिनियम की कार्यान्वयन एक निश्चित अवधि में पूरा करने के लिए कोई योजना बनायी जा रही है ;

(ङ) क्या इस बात पर विचार किया गया है कि कंप्यूटरों, टैलेक्स, टेलीप्रिंटरों आदि जैसे एक दर्जन उपकरणों के इस्तेमाल के कारण राजभाषा की प्रगति लगभग 50 वर्ष पीछे चली गयी है और ये द्विभाषी मशीनें द्विभाषी नीति के समान ही अंग्रेजी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा दे रही है ;

(च) योजना मंत्रालय की हिन्दी उप समिति की अब तक कितनी बैठकें हुई हैं और उनमें अब तक की गई कार्यवाही की दिशा क्या है ; और

(छ) अन्तर्राष्ट्रीय, अन्तर्राज्यीय और राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी के प्रगामी प्रयोग के लिए क्या-क्या व्यवस्था की जा रही है ?

योजना मंत्री तथा कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री (श्री माधव सिंह सोलंकी) : (क) से (ग) आठवीं पंचवर्षीय योजना (1990–95) को तैयार करने के संदर्भ में, संघ सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन की गति को तेज करने की एक व्यापक योजना तैयार करने की दृष्टि से राजभाषा से संबद्ध एक कार्यदल का गठन किया गया है । इस कार्यदल में 29 सदस्य हैं जिनमें से तीन गैर-सरकारी सदस्य है । इनकी सूची विवरण में दी गई है ।

कार्यदल में संबंधित विभागों के प्रतिनिधि तथा कुछ गैर-सरकारी सदस्य हैं, जो संघ सरकार की राजभाषा नीति के प्रभावी कार्यान्वयन के बारे में सुझाव दे सकते हैं । अतः अन्य व्यक्तियों से सुझाव मंगाने की आवश्यकता नहीं समझी गई है ।

कार्यदल के काम के संदर्भ में हिन्दी के प्रयोग से संबंधित समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने के बारे में योजना मंत्रालय को किसी व्यक्ति के सुझाव प्राप्त नहीं हुए हैं ।

(घ) और (ङ) केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग और राज भाषा अधिनियम का कार्यान्वयन सरकार की राज्य भाषा नीति के अंग हैं इस नीति के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु उपाय सुझाना भी कार्यदल के विचारार्थ विषयों में शामिल है । आठवीं योजना के अंत तक राजभाषा नीति संबंधी

कार्यान्वयन के बारे में सिफारिशें करना करना भी कार्यदल के क्षेत्र में आता है। है। इसी प्रकार आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के लिए जिन आवश्यक यांत्रिक तथा इलैक्ट्रोनिक सुविधाओं की व्यवस्था करनी होगी, उनके लिए सिफारिशें करना भी कार्यदल का काम है ।

(च) कार्यदल की अब तक दो बैठकें हुई है । कार्यदल में कुछ उपसमितियों का भी गठन किया है जिनका कार्य प्रगति पर है ।

(छ) अन्तर्राष्ट्रीय अन्तर्राज्यीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाना हिन्दी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित राजभाषा नीति का अंग है। जैसा भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में कहा गया है, इस विषय पर विचार करना कार्यदल के कार्यक्षेत्र में आता है ।

विवरण

योजना आयोग द्वारा गठित राजभाषा से संबंधित कार्यदल के सदस्यों की सूची

सरकारी सदस्य

1. सचिव, राजभाषा विभाग —अध्यक्ष
2. निदेशक केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान दिल्ली
3. निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, दिल्ली
4. निदेशक तकनीकी, राजभाषा विभाग
5. अपर सचिव राजभाषा स्कंध विधायी विभाग विधि एवं न्याय मंत्रालय
6. संयुक्त सचिव (प्रशिक्षण) कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग
7. श्री मंत्रेश्वर झा संयुक्त सचिव बैंकिंग प्रभाग आर्थिक कार्य विभाग वित्त मंत्रालय
8. अध्यक्ष, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग
9. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, कम्प्यूटर अनुरक्षण निगम
10. निदेशक केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
11. डा. ओम विकास अपर निदेशक, इलैक्ट्रोनिक विभाग
12. प्रतिरक्षा मंत्रालय का प्रतिनिधि
13. रेलवे मंत्रालय का प्रतिनिधि
14. डाक बोर्ड का प्रतिनिधि
15. शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय का प्रतिनिधि
16. विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग का प्रतिनिधि
17. विदेश मंत्रालय का प्रतिनिधि
18. दूर संचार बोर्ड का प्रतिनिधि
19. योजना आयोग का प्रतिनिधि
20. व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय का प्रतिनिधि
21. वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् का प्रतिनिधि
22. लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी का प्रतिनिधि
23. सरकारी उद्यम कार्यालय का प्रतिनिधि
24. हिन्दुस्तान टेलीप्रिंटर का प्रतिनिधि
25. डा. मोहन तांबे अनुसंधान अभियंता इलैक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग विभाग। भारतीय औद्योगिक संस्थान कानपुर
26. संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग ।

गैर-सरकारी सदस्य

27. श्री रामलाल पारिख अखिल भारतीय हिन्दी संस्था संघ
28. श्री पन्ना लाल शर्मा केन्द्रीय सचिवालय हिन्दी परिषद् का प्रतिनिधि
29. श्री मोती बाबू, भूतपूर्व सदस्य-सचिव राजभाषा विभाग (विधायी) आयोग